# EXERCISE # 1

## A. अतिलघुतरात्मक प्रश्न

**Q.1** आयनिक बंध में आयनों के मध्य उपस्थित बलों की प्रकृति क्या है ?

**Q.2** कितने सहसंयोजक बंध नाइट्रोजन के एक अणु में उपस्थित है ?

**Q.3** रासायनिक बंधों के दो मुख्य प्रकार क्या है ?

**Q.4** द्विबंध युक्त एक अणु का उदाहरण दीजिए।

**Q.5** त्रिबंध युक्त एक अणु का उदाहरण दीजिए।

**Q.6** सोडियम का परमाणु क्रमांक 11 है। इसकी विद्युत संयोजकता क्या है ?

**Q.7** एक परमाणु 2, 6 विन्यास रखता है। इसकी संयोजकता क्या होगी ?

**Q.8** तत्व X, 10 प्रोटोन व 10 इलेक्ट्रॉन रखता है। क्या ये क्रियाशील है ?

**Q.9** कौनसा तत्व सर्वाधिक स्थायी होगा ?
$_{9}A$, $_{10}B$, $_{11}C$

**Q.10** तीन तत्व X, Y, व Z निम्न विन्यास रखते है:
(i) X = 2, 8, 1 (ii) Y = 2, 7
(iii) Z = 2, 8, 2
किस प्रकार का अणु निम्न के मध्य निर्मित होगा ?
(i) X एवं Y (ii) Z एवं Y (iii) Y एवं Y

**Q.11** एक तत्व X विन्यास रखता है। अन्य तत्व Y विन्यास रखता है। किस प्रकार का बंध X एवं Y के मध्य निर्मित होगा ?

**Q.12** कितने सहसंयोजक बंध मीथेन के अणु में उपस्थित है?

**Q.13** (i) तीन एकल बंध (ii) एक द्विबंध
(iii) एक त्रिबंध युक्त
प्रत्येक सहसंयोजक यौगिक का एक उदाहरण दीजिए।

**Q.14** किस प्रकार का बंध निम्न अणुओं में उपस्थित है?
(i) $F_2$ (ii) $O_2$ (iii) $N_2$

**Q.15** क्यों सहसंयोजक यौगिक प्रायः जल में विलेय नही होते है ?

## B. लघुतरात्मक प्रश्न

**Q.16** आयनिक एवं सहसंयोजक यौगिकों के मध्य विभेदन कीजिए।

**Q.17** दो ऑर्गन परमाणु ऑर्गन अणु $Ar_2$ बनाने के लिए सहसंयोजक बंध नहीं बनाते है, क्यों ?

**Q.18** तत्व X व Y निम्न विन्यास रखते है :

| | |
|---|---|
| X | 2, 6 |
| Y | 2, 8, 8, 2 |

X व Y के मध्य बंध की प्रकृति क्या है ?

**Q.19** एक परमाणु व एक आयन के मध्य विभेद कीजिए।

**Q.20** रासायनिक यौगिक के निर्माण में संयोजी इलेक्ट्रॉनों की भूमिका क्या होगी ?

**Q.21** विद्युतसंयोजकता को परिभाषित कीजिए।

**Q.22** निम्न के मध्य बंध की प्रकृति का वर्णन कीजिए –
(i) सोडियम व ब्रोमीन
(ii) कार्बन व क्लोरीन
(iii) हाइड्रोजन व क्लोरीन

**Q.23** $MgF_2$, $CaO$, $H_2O$ व $CO_2$ की इलेक्ट्रॉन बिन्दू संरचना बनाइए।.

**Q.24(i)** कितने एकल बंध एसीटिलीन अणु में उपस्थित है ?
**(ii)** कितने द्विबंध एसीटिलीन अणु में उपस्थित है ?
**(iii)** कितने त्रिबंध एसीटिलीन अणु में उपस्थित है ?

**Q.25** यौगिक $I_2$, $N_2$, $CO_2$, $C_2H_2$ व $O_2$ की सूची में वह अणु चुनिए जो निम्न रखता है।
(i) केवल एक त्रिबंध
(ii) केवल एक एकल बंध
(iii) केवल एक द्विबंध
(iv) दो द्विबंध
(v) एकल व त्रिबंध

# EXERCISE # 2

## A. दीर्घउत्तरात्मक प्रश्न

**Q.1** अष्टक नियम क्या है ? उपयुक्त उदाहरण की सहायता से इसे स्पष्ट कीजिए।

**Q.2** उत्कृष्ठ गैसों का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास लिखिए।

**Q.3** कैल्शियम व सल्फर से कैल्शियम सल्फाइड का निर्माण समझाइए। विभिन्न कोशो में इलेक्ट्रॉनिक व्यवस्था दर्शाने वाले परमाणु का चित्रीय प्रदर्शन कीजिए।

**Q.4** धनायन व ऋणायन को परिभाषित कीजिए। उपयुक्त उदाहरण सहीत समझाइए।

**Q.5** विद्युतसंयोजी बंध क्या है तथा ये कैसे निर्मित होता है ?

**Q.6** HCl, $CCl_4$, $CH_4$, $H_2$, $O_2$ एवं $Cl_2$ में सहसंयोजक बंध का निर्माण दर्शाइए।

**Q.7** आयनिक व सहसंयोजक यौगिकों के मध्य क्या अंतर है ?

**Q.8** विद्युतसंयोजक व सहसंयोजक यौगिकों के गुण बताइए।

**Q.9** आप कैसे ज्ञात कर सकते है कि जल में विलेय यौगिक A व B विद्युतसंयोजी है ? निम्न में से एक विद्युतसंयोजक व एक सहसंयोजक यौगिक चुनिए: इक्षु शर्करा, यूरिया, कैल्शियम ऑक्साइड, सोडियम सल्फाइड, हाइड्रोजन क्लोराइड गैस एवं कैल्शियम क्लोराइड।

**Q.10** परमाणु क्रमांक 6, 7 एवं 8 के तत्वों की संयोजकता व इलेक्ट्रॉनिक विन्यास बताइऐं। ये किय प्रकार की संयोजकता रखते है एवं क्यों ?

## B. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

**Q.11** हीलियम को छोड़कर उत्कृष्ट गैसों के संयोजी कोश में इलेक्ट्रॉनों की संख्या .......... है जो ............. रखता है।

**Q.12** उत्कृष्ठ गैसे व्यक्तिगत .......... रूप में पाई जाती है।

**Q.13** Cl की संयोजकता 1 है क्योंकि इसमें स्थायी निऑन गैस विन्यास की तुलना में ....... इलेक्ट्रॉन कम है।

**Q.14** क्लोरीन परमाणु एक इलेक्ट्रॉन को .............. कर क्लोराइड आयन में बदल जाता है।

**Q.15** क्लोराइड आयन ......... आवेश रखता है।

**Q.16** $Na^+$ व $Cl^-$ आयन एक साथ संयोग करके ........ ठोस निर्मित करते है।

**Q.17** सोडियम आयन का आकार, सोडियम परमाणु से .......... होता है।

**Q.18** $Na^+$ आयन ……….. के समान विन्यास रखता है।

**Q.19** $F^-$ व Ne में …….. की समान संख्या उपस्थित होती है।

**Q.20** $Mg^{2+}$ .............. धनायन है।

**Q.21** HCl ............... यौगिक का एक उदाहरण है।

## C. सत्य/असत्य प्रकार के प्रश्न

**Q.22** $CCl_4$ विद्युत का सुचालक है

**Q.23** हीलियम के अतिरिक्त सभी उत्कृष्ठ गैसों में संयोजी इलेक्ट्रॉनों की संख्या 8 है।

**Q.24** हाइड्रोजन स्थायी द्विलक व्यवस्था प्राप्त करने की प्रवृत्ति रखता है।

**Q.25** $Mg^{2+}$ व $O^{2-}$ स्थायी अष्टक व्यवस्था प्राप्त करते है।

**Q.26** जल में एक एकल सहसंयोजक बंध उपस्थित होता है।

**Q.27** $Na^+$ का आकार Na की अपेक्षा कम होता है।

**Q.28** कैल्शियम ऑक्साइड एक सहसंयोजक यौगिक है।

**Q.29** मैग्निशियम क्लोराइड का विलयन विद्युत चालन करता है।